Washington State Office of the Attorney General

# बल के उपयोग की मॉडल नीति

1 जुलाई, 2022

# विषय सूची


**परिभाषाएँ** ........ **3**

**बेहद अहम सिद्धांत** ........ **4**

**बल के हर उपयोग पर लागू होने वाले विचार** ........ **5**

गंभीर फ़ैसले लेना ........ 5

मामला शांत करना ........ 5

उचित सावधानी ........ 6

बल का उपयोग आवश्यक होने पर और कानूनी मकसद से ही होना चाहिए ........ 7

बल का उपयोग करने से पहले पहचान करना, चेतावनी और आदेश का पालन करने का मौका देना ........ 8

गला दबाने और गर्दन जकड़ने वाले उपकरणों का उपयोग वर्जित है ........ 8

अपराध की प्रतिक्रिया में कार्रवाई ........ 8

प्राथमिक उपचार ........ 8

**बल के प्रकार** ........ **10**

**बल के उपकरण चुनना** ........ **11**

ओलियोरेज़िन कैप्सिकन (OC) स्प्रे ........ 11

मारे जाने वाले हथियार ........ 11

Projectile Impact Weapons (विस्तृर रेंज इम्पैक्ट हथियारों के नाम से भी जाना जाता है) ........ 11

Electronic Control Weapons (चालित ऊर्जा हथियारों के नाम से भी जाना जाता है) ........ 12

दागे जाने वाले हथियार ........ 13

**काबू में करने के उपकरण चुनें** ........ **14**

स्पिट गार्ड ........ 14

हॉबल बंधन ........ 15

**प्रशिक्षण** ........ **15**

# Washington State Office of the Attorney General
# बल के उपयोग की मॉडल नीति

**उद्देश्य:** इस नीति का उद्देश्य अधिकारियों को स्पष्टता प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करके सभी की सुरक्षा को बढ़ावा देना है कि संभव होने पर, मामला शांत कराने की सभी उपलब्ध और उचित तकनीकों का उपयोग किया जाए, भौतिक बल का उपयोग केवल आवश्यक होने पर उचित रूप से किया जाए और भौतिक बल की मात्रा अधिकारी के सामने मौजूद खतरे या प्रतिरोध के साथ-साथ पूरे किए जा रहे कानून प्रवर्तन उद्देश्य की गंभीरता के समानुपाती होती है।

## परिभाषाएँ

(1) **चोकहोल्ड:** किसी व्यक्ति की साँस बंद करने के लिए जानबूझकर उसकी वायुनली या श्वासनली पर सीधे दबाना। (Revised Code of Washington (RCW, वॉशिंगटन का संशोधित कानून) 10.116.020)।

(2) **संपीड़न द्वारा दम घोंटना**: यांत्रित रूप से छाती और/या पेट को दबा कर फेंफड़ों को सीमित रूप से फैलने देकर, साँस लेने से छेड़छाड़ करके खून में ऑक्सीजन की अपर्याप्त मात्रा और/या खून में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा अत्यधिक बढ़ना, जिससे बेहोशी या मौत हो सकती है।

(3) **घातक बल**: बंदूक या किसी अन्य माध्यम से जानबूझकर बल का उपयोग जिससे मौत या गंभीर शारीरिक चोट लगने की संभावना हो। (RCW 9A.16.010)।

(4) **मामला शांत कराने की रणनीतियाँ**: किसी शांति अधिकारी द्वारा उपयोग की जाने वाली कार्रवाइयाँ जिनका उद्देश्य किसी घटना के दौरान बल के उपयोग की आवश्यकता की संभावना को कम करना है। (RCW 10.120.010 [2022 c 4 §2])। शारीरिक बल का उपयोग मामला शांत कराने की रणनीति नहीं है। मामला शांत कराने की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी "मामला शांत कराना" अनुभाग में दी गई हैं।

(5) **व्यवहार्य**: अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान के जोखिम को बढ़ाए बिना गिरफ्तारी या कानूनी उद्देश्य को पाने में यथोचित रूप से सक्षम।

(6) **भागना**: जानबूझकर कानून प्रवर्तन से बचने और जगह छोड़ने की कोशिश में भागने का काम या घटना।

(7) **गंभीर शारीरिक चोट या मृत्यु का तत्काल खतरा**: परिस्थितियों की समग्रता के आधार पर, यह मानना निष्पक्ष रूप से उचित है कि किसी व्यक्ति के पास शांति अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को तुरंत मारने या गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने की वर्तमान और स्पष्ट क्षमता, अवसर और इरादा है। (RCW 10.120.020 [2022 c 80 §3])।

(8) **कानून प्रवर्तन एजेंसी**: RCW 10.93.020 द्वारा परिभाषित सभी "जनरल अथॉरिटी वॉशिंगटन कानून प्रवर्तन एजेंसी" और सभी "सीमित अथॉरिटी वॉशिंगटन कानून प्रवर्तन एजेंसी" शामिल हैं।

(9) **कम घातक विकल्प**: इनमें मौखिक चेतावनियां, मामला शांत कराने की रणनीतियां, चालित ऊर्जा हथियार, ओलियोरेज़िन कैप्सिकम छोड़ने वाले उपकरण, बैटन और बीनबैग राउंड शामिल हैं, लेकिन सिर्फ़ इन तक सीमित नहीं हैं। (RCW 10.120.010)।

(10) **आवश्यकता**: परिस्थितियों की समग्रता के तहत, शारीरिक बल या घातक बल के उपयोग का यथोचित प्रभावी विकल्प मौजूद नहीं है और भौतिक बल या घातक बल का प्रकार और मात्रा कानूनी उद्देश्य को प्रभावित करने के लिए एक उचित और आनुपातिक प्रतिक्रिया है या अधिकारी या अन्य लोगों को खतरे से बचाने के लिए। (RCW 10.120.010 [2022 c 80 §2]) ।

(11) **गर्दन जकड़ना**: किसी तरह से नसों को दबाना या इसी तरह की जकड़, पकड़ या अन्य रणनीति जिसमें खून का बहाव कम करने के उद्देश्य से गर्दन पर दबाव डाला जाता है। (RCW 10.116.020)।

(12) **शांति अधिकारी**: सभी "जनरल अथॉरिटी वॉशिंगटन कानून प्रवर्तन एजेंसी", "सीमित अथॉरिटी वॉशिंगटन कानून प्रवर्तन एजेंसी" और "विशेष तौर पर तैनात वॉशिंगटन शांति अधिकारी" शामिल हैं, जैसे कि ये RCW 10.93.020 में परिभाषित हैं। "शांति अधिकारी" में जेल, सुधारक, या निरोध सुविधा का कोई भी सुधार अधिकारी या अन्य कर्मचारी शामिल नहीं है, लेकिन इसमें कोई सामुदायिक सुधार अधिकारी शामिल होता है। (RCW 10.120.010)। शांति अधिकारियों को इस नीति में अधिकारी कहा गया है।

(13) **शारीरिक बल**: यथोचित रूप से शारीरिक दर्द या चोट या किसी व्यक्ति की गतिविधि को काबू करने, नियंत्रित करने, बाँधने या रोकने के लिए उसके शरीर पर की गई कोई अन्य कार्रवाई। शारीरिक बल में थपथपाना, गलती से छूना, मौखिक आदेश देना या कानूनी हथकड़ी लगाना शामिल नहीं है जहाँ कोई शारीरिक दर्द या चोट नहीं है। (RCW 10.120.010)।

(14) **प्रोजेक्टाइल इम्पैक्ट हथियार**: एक कम घातक हथियार, जो प्रक्षेप्य दागता है, जैसे कि 40mm स्पंज, पेपरबॉल या समान प्रक्षेप्य, अस्थाई तौर पर किसी व्यक्ति को अक्षम करने वाली ब्लास्ट बॉल या बीन बैग।

(15) **स्थितीय दम घोंटना**: खून में अपर्याप्त ऑक्सीजन का स्तर और/या खून में कार्बन डाइऑक्साइड की अत्यधिक वृद्धि, जिसकी वजह से बेहोशी या मृत्यु हो जाती है जो किसी व्यक्ति को शरीर को ऐसी स्थिति में लाने से होती है जो उनके वायुमार्ग को संकुचित करता है और उन्हें स्वतंत्र रूप से सांस लेने की अनुमति नहीं देता है।

(16) **आँसू गैस**: क्लोरोएसीटोफेनोन (सीएन), ओ-क्लोरोबेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल (सीएस) और अस्थायी शारीरिक परेशानी या स्थायी चोट पैदा करने के उद्देश्य से हवा में फैलाए गए कोई समान रासायनिक पदार्थ। "आंसू गैस" में ओलियोरेज़िन कैप्सिकम (OC) शामिल नहीं है। (RCW 10.116.030)।

(17) **हालातों की समग्रता**: बल का उपयोग करने से पहले और ऐसा करते समय अधिकारी को ज्ञात सभी तथ्य और इसमें उस व्यक्ति की गतिविधियाँ शामिल हैं जिसके खिलाफ अधिकारी बल का उपयोग करता है, और अधिकारी की कार्रवाई शामिल है। (RCW 10.120.010)।

(18) **अपराध:** आचरण जो कानून के विपरीत है या साक्षी अधिकारी की एजेंसी की नीतियों के विपरीत है, बशर्ते कि आचरण प्रकृति में न्यूनतम या तकनीकी नहीं है। (RCW 10.93.190)।

## बेहद अहम सिद्धांत

**सभी मानव जीवन को संरक्षित और सुरक्षित करना कानून प्रवर्तन का मौलिक कर्तव्य है।** (RCW 10.120.010)। **अधिकारियों को सभी व्यक्तियों का सम्मान करना और उनकी गरिमा को बनाए रखना चाहिए और अपने अधिकार का उपयोग पक्षपात-मुक्त तरीके से करना चाहिए**।

**निष्पक्ष पुलिसिंग सुनिश्चित करने और समुदाय में विश्वास बनाने के लिए बल का उचित उपयोग आवश्यक है। हालांकि ऐसी परिस्थितियां होती हैं जहां व्यक्ति कानून का पालन तब तक नहीं करेंगे जब तक कि उन्हें अधिकारियों द्वारा बल प्रयोग के माध्यम से मजबूर या नियंत्रित नहीं किया जाता है, लेकिन अधिकारियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि वे समुदाय से अपना प्राधिकार पाते हैं और यह अनुचित बल उस प्राधिकरण की वैधता को कम करता है।**

# बल के हर उपयोग पर लागू होने वाले विचार

## महत्वपूर्ण निर्णय लेना

(1) महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता के उपयोग से अधिकारियों को इस नीति में उल्लिखित अपेक्षाओं को हासिल करने में मदद मिल सकती है। जब सुरक्षित और व्यवहार्य हो, तो जनता के किसी सदस्य से संपर्क करते समय या करने पर विचार करते समय, अधिकारियों को:

- (a) घटनास्थल पर पहुंचने से पहले उपलब्ध तथ्यों के साथ आकलन और योजना बनाना शुरू करना चाहिए;
- (b) आवश्यकतानुसार उपलब्ध संसाधनों का अनुरोध करना चाहिए, जैसे आपदा हस्तक्षेप टीम या अन्य उपयुक्त विशेषता इकाई या पेशेवर;
- (c) घटनास्थल पर मौजूद होने के दौरान जानकारी इकट्ठी करनी चाहिए;
- (d) स्थितियों, खतरों और जोखिमों का आकलन करना चाहिए;
- (e) विवादों के समाधान के लिए विकल्पों की पहचान करनी चाहिए;
- (f) कार्रवाई की एक उचित दिशा निर्धारित करनी चाहिए; और
- (g) विकसित होने के साथ-साथ स्थिति की समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

(2) इस नीति में ऐसा कुछ भी नहीं है जो अधिकारियों को एक सक्रिय शूटर जैसी जानलेवा स्थिति का सामना करने पर त्वरित कार्रवाई करने से रोकता है। सुरक्षित और व्यवहार्य होने पर, अधिकारियों को रणनीतिक निर्णयों के माध्यम से अपनी सुरक्षा या दूसरों की सुरक्षा को अनावश्यक रूप से खतरे में नहीं डालना चाहिए, जो अनुचित रूप से खुद को या दूसरों को जोखिम में डालते हैं। इनमें निम्न शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं है:

- (a) स्थिति के उचित मूल्यांकन के बिना तुरंत किसी व्यक्ति की तरफ बढ़ना;
- (b) अधिकारी और व्यक्ति के बीच अपर्याप्त जगह छोड़ना;
- (c) किसी व्यक्ति को आदेशों का पालन करने के लिए समय नहीं देना; या
- (d) अनावश्यक रूप से किसी स्थिति को गंभीर करना।

## मामला शांत कराना

**<u>मुख्य सिद्धांत: मामला शांत कराने का कर्तव्य</u>**

**जब संभव हो, अधिकारियों को शारीरिक बल का उपयोग करने से पहले मामला शांत कराने की सभी उपलब्ध और उपयुक्त रणनीतियों का उपयोग करना चाहिए।** (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]) ।

(1) परिस्थितियों के आधार पर, अधिकारियों के पास चुनने के लिए मामला शांत कराने कीकई रणनीतियां होती हैं, जिनमें निम्न शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:

- (a) दूरी और कवर के लाभ को बनाए रखने के लिए रणनीतिक स्थिति में आना और स्थिति बदलना, जैसे कि पुनर्मूल्यांकन करने के लिए व्यक्ति से पीछे हटना और यह निर्धारित करना कि कौन-सी रणनीति का उपयोग करना है;
- (b) अधिकारियों और किसी व्यक्ति के बीच ढाल या अन्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए अवरोधक लगाना या मौजूदा ढाँचों का उपयोग करना;
- (c) अतिरिक्त संसाधनों पर विचार करने और उन्हें आने की अनुमति देने के लिए स्थिति को धीमा या स्थिर करने की कोशिश करना, जो कि एक सुरक्षित समाधान की संभावना को बढ़ा सकता है;
- (d) उपलब्ध सहायता और संसाधनों का अनुरोध करना और उनका उपयोग करना, जैसे आपदा हस्तक्षेप टीम, नामित आपदा राहतकर्मी, अन्य व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रदाता या बैक-अप अधिकारी, जिनमें अधिक अनुभवी अधिकारी या निरीक्षक शामिल हैं;
- (e) स्पष्ट निर्देशों का उपयोग करना और बातचीत से मनाना;

(f) किसी व्यक्ति को शांत करने के लिए मौखिक और गैर-मौखिक संचार तकनीकों को उपयोग करना (जैसे, धीरे बोलना, स्वर और हाव-भाव नियंत्रित रखना, अपनी बाहों को खोलना, हाथों के इशारों को कम करना और चमकदार, चमकती रोशनी और सायरनों को कम करना);
(g) मौखिक निर्देश अपर्याप्त होने पर गैर-मौखिक तरीकों से संवाद करने की कोशिश करना (जैसे, जब व्यक्ति और अधिकारी अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं या व्यक्ति निर्देशों को सुनने या समझने में असमर्थ हो);
(h) इस तरह से बातचीत करना जो लोगों की गरिमा के लिए सम्मान दिखाता हो (जैसे, अधिकारी की कार्रवाइयों और अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से समझाना; व्यक्ति के प्रश्नों और चिंताओं को सुनना और सम्मानपूर्वक जवाब देना; और निर्णय लेते समय तटस्थ और निष्पक्ष रहना);
(i) जब एक से अधिक अधिकारी मौजूद हों, तो प्रतिस्पर्धा या भ्रमित करने वाले आदेशों से बचने के लिए एक अधिकारी को संवाद करने के लिए नामित करना; या
(j) शारीरिक बल का उपयोग किए बिना घटना को हल करने के लिए जितना आवश्यक हो उतना समय देने के लिए सभी उपलब्ध और उपयुक्त रणनीतियों और संसाधनों का उपयोग करते हुए धैर्य का प्रदर्शन करना।

## उचित सावधानी

**<u>मुख्य सिद्धांत: उचित सावधानी का कर्तव्य</u>**

**क्या शारीरिक बल या घातक बल का उपयोग करना है और अगर आवश्यक हो, तो एक कानूनी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उचित और कम से कम संभव शारीरिक बल कितना होगा, यह निर्धारित करते समय लोगों की विशेषताओं और स्थितियों पर विचार करें, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती, सीमित अंग्रेजी बोलने वाले और मानसिक, व्यवहारिक, शारीरिक, संज्ञानात्मक और अवधारणात्मक अक्षमताओं से ग्रस्त लोग शामिल हैं।** (RCW 10.120.020)।

**<u>मुख्य सिद्धांत: सामुदायिक देखभाल के काम करना</u>**

**इस नीति में कुछ भी किसी अधिकारी की सामुदायिक देखभाल या स्वास्थ्य और सुरक्षा की सुरक्षा के लिए कॉल का जवाब देने और उन कामों को करने के लिए उचित और कम से कम शारीरिक बल का उपयोग करने की क्षमता को सीमित या प्रतिबंधित नहीं करता है।** (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3])। शारीरिक बल के उपयोग के लिए समान मानक लागू होते हैं। हालाँकि, सामुदायिक देखभाल के दौरान हो सकने वाले आकस्मिक स्पर्श को शारीरिक बल के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है।

उचित सावधानी का मतलब है कि अधिकारी को:

(1) जब संभव हो, शारीरिक बल का उपयोग करने से पहले मामला शांत कराने की सभी उपलब्ध और उपयुक्त रणनीतियों का उपयोग करना चाहिए। (RCW 10.120.010 [2022 c 4 §3]।
(2) क्या शारीरिक बल या घातक बल का उपयोग करना है और अगर शारीरिक बल आवश्यक हो, तो एक कानूनी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उचित और कम से कम संभव शारीरिक बल कितना होगा, यह निर्धारित करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति की विशेषताओं और स्थितियों पर विचार करें। ऐसी विशेषताओं और स्थितियों में शामिल हो सकते हैं, उदाहरण के लिए, क्या व्यक्ति:
  (a) स्पष्ट रूप से गर्भवती है, या बताता है कि वह गर्भवती है;
  (b) नाबालिग के रूप में जाना जाता है, निष्पक्ष रूप से नाबालिग प्रतीत होता है, या बताता है कि वह नाबालिग है;
  (c) एक कमजोर वयस्क के रूप में जाना जाता है, या निष्पक्ष रूप से एक कमजोर वयस्क प्रतीत होता है, जैसा कि RCW 74.34.020 द्वारा परिभाषित है;
  (d) मानसिक, व्यवहारिक, बौद्धिक, विकासात्मक या शारीरिक बाधाओं या अक्षमताओं के संकेत दिखाता है;
  (e) आमतौर पर शराब, नशीले पदार्थों, मतिभ्रम या अन्य नशीली दवाओं के उपयोग से संबंधित अवधारणात्मक या संज्ञानात्मक कमी का अनुभव कर रहा है;
  (f) आत्मघाती है;
  (g) सीमित अंग्रेजी बोलता है; या
  (h) बच्चों के आसपास है। (RCW 10.120.020)।
(3) जैसे ही शारीरिक बल की आवश्यकता समाप्त हो, शारीरिक बल का उपयोग बंद कर दें। (RCW 10.120.020)।

## शारीरिक बल का उपयोग आवश्यक और कानूनी उद्देश्य के लिए होना चाहिए

**<u>मुख्य सिद्धांत: परिस्थितियों के तहत एक वैध कानून प्रवर्तन उद्देश्य को सुरक्षित रूप से प्राप्त करने के लिए आवश्यक बल की कम से कम मात्रा का ही उपयोग करें</u> ।** (RCW 10.120.020)।

कानून प्रवर्तन एनकाउंटर तेजी से विकसित होते हैं और स्थिर नहीं होते हैं। इसलिए, अधिकारियों को शारीरिक बल का उपयोग करने की आवश्यकता की संभावना को कम करने के लिए अपनी रणनीतिक स्थिति सहित अपनी कार्रवाई की आवश्यकता और प्रभावशीलता का लगातार आकलन करना चाहिए।

(1) शारीरिक बल आवश्यक होने के लिए, एक यथोचित प्रभावी विकल्प मौजूद प्रतीत नहीं होता है और बल का उपयोग कानूनी उद्देश्य को पूरा करने के लिए या अधिकारी या अन्य लोगों को होने वाले खतरे से बचाने के लिए एक उचित और आनुपातिक प्रतिक्रिया होनी चाहिए।

- (a) तर्कसंगतता का मूल्यांकन उस अधिकारी को ज्ञात परिस्थितियों की समग्रता, जिसने शारीरिक बल का उपयोग किया और उस समय खतरे की तत्कालता सहित, उस व्यक्ति की गतिविधि जिसके खिलाफ बल का उपयोग किया जाता है, अधिकारी की कार्रवाइयों और कानून प्रवर्तन उद्देश्य की गंभीरता के आधार पर किया जाएगा। शारीरिक बल उचित है या नहीं यह निर्धारित करने में यह आकलन करना शामिल है कि क्या अधिकारी ने अपने और दूसरों के लिए अनावश्यक जोखिम को कम करने के लिए रणनीतिक निर्णय लिए, शारीरिक बल का उपयोग करने से पहले मामला शांत कराने की सभी उपलब्ध और उपयुक्त रणनीतियों का उपयोग किया और शारीरिक बल का उपयोग करते समय उचित सावधानी बरती या नहीं।
- (b) आनुपातिकता का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाएगा कि क्या शारीरिक बल का उपयोग, बल प्रयोग के समय अधिकारी के सामने मौजूद खतरे या प्रतिरोध की तात्कालिकता और गंभीरता के साथ-साथ कानून प्रवर्तन उद्देश्य की गंभीरता के अनुरूप है जिसे पूरा किया जा रहा है। घटना के दौरान खतरा या प्रतिरोध बदल सकता है। आनुपातिक बल के लिए अधिकारियों को किसी व्यक्ति के समान प्रकार के या बराबर शारीरिक बल का उपयोग करना आवश्यक नहीं है। जितना अधिक तत्काल खतरा और उतनी ही अधिक संभावना है कि खतरे का परिणाम मृत्यु या गंभीर शारीरिक चोट होगा, बल का स्तर उतना ही अधिक होगा जो आनुपातिक हो सकता है।

(2) **शारीरिक बल का उपयोग कानूनी उद्देश्य के लिए होना चाहिए**। अधिकारी किसी व्यक्ति के विरुद्ध शारीरिक बल का उपयोग निम्न आवश्यक सीमा तक कर सकता है:

- (a) अधिकारी, किसी अन्य व्यक्ति, या जिस व्यक्ति के खिलाफ शारीरिक बल का उपयोग किया जा रहा है, को शारीरिक चोट के आसन्न खतरे से बचाना (RCW 10.120.020);
- (b) एक आपराधिक हरकत के खिलाफ सुरक्षा, जब संभावित कारण है कि व्यक्ति ने अपराध किया है, कर रहा है, या अपराध करने वाला है (RCW 10.120.020 [2022 c 80 §3]);
- (c) हिरासत में लेना (RCW 10.120.020);
- (d) कानून द्वारा अधिकृत या निर्देशित होने पर किसी व्यक्ति को हिरासत में लेना (RCW 10.120.020 [2022 c 80 §3]);
- (e) अध्याय 9A.76 RCW (RCW 10.120.020) के तहत परिभाषित भागने को रोकना;
- (f) किसी व्यक्ति को भागने से रोकना या किसी ऐसे व्यक्ति को रोकना जो सक्रिय रूप से एक कानूनी अस्थायी खोजी हिरासत से भाग रहा हो, बशर्ते कि उस व्यक्ति को नोटिस दिया गया हो कि उसे हिरासत में लिया जा रहा है और वह जाने के लिए स्वतंत्र नहीं है (RCW 10.120.020 [2022 c 80 §3]);
- (g) अध्याय 10.77, 71.05, या 71.34 RCW (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]) के तहत किसी व्यक्ति को हिरासत में लेना, मूल्यांकन या उपचार के लिए किसी व्यक्ति को ले जाना या अन्य सहायता करना;
- (h) कानून द्वारा अधिकृत या निर्देशित होने पर किसी नाबालिग को सुरक्षात्मक हिरासत में लेना (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]);
- (i) किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकृत या निर्देशित करने वाले न्यायालय के आदेश को निष्पादित या लागू करना (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]);
- (j) तलाश वारंट का पालन करना (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]);
- (k) न्यायिक अधिकारी द्वारा कोर्टरूम में जारी किए गए मौखिक निर्देश या लिखित आदेश को निष्पादित या लागू करना जहां अदालत स्पष्ट रूप से किसी अधिकारी को निर्देश या आदेश को निष्पादित करने या लागू करने के लिए शारीरिक बल का उपयोग करने के लिए अधिकृत करती है। (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3]); या

(l) किसी भी अन्य सामुदायिक देखभाल काम को करना, जिसमें कल्याण जांच करना, अन्य प्राथमिक राहतकर्मियों और चिकित्सा पेशेवरों, व्यवहारिक स्वास्थ्य पेशेवरों, सामाजिक सेवा प्रदाताओं, नामित आपदा राहतकर्मियों, आश्रय या आवास प्रदाताओं या जनता के किसी भी सदस्य की सहायता करना शामिल है, लेकिन इन तक सीमित नहीं है (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3])।

## पहचान, चेतावनी और शारीरिक बल का उपयोग से पहले पालन करने का अवसर

जब सुरक्षित और व्यवहार्य हो, तो शारीरिक बल के उपयोग से पहले, अधिकारी:

(1) खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में बताएँ;

(2) यह निर्धारित करने की कोशिश करें कि क्या व्यक्ति की कोई विशेष आवश्यकता, मानसिक स्थिति, शारीरिक सीमा, विकासात्मक अक्षमता, भाषा बाधा, या अन्य कारक है जो अधिकारी के आदेशों को समझने और उनका पालन करने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है;

(3) स्पष्ट निर्देश और चेतावनी दें;

(4) किसी व्यक्ति को चेतावनी दें कि अगर उनका प्रतिरोध बंद नहीं होता, तो शारीरिक बल का उपयोग किया जाएगा; और

(5) व्यक्ति को इस चेतावनी का पालन करने का उचित अवसर दें कि शारीरिक बल का उपयोग किया जा सकता है।

## गला दबाने और गर्दन जकड़ने वाले उपकरणों का उपयोग वर्जित है

शांति अधिकारी, एक शांति अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों के दौरान किसी अन्य व्यक्ति का गला पकड़ या जकड़ नहीं सकता है। (RCW 10.116.020)।[1]

## अपराध की प्रतिक्रिया में कार्रवाई

**मुख्य सिद्धांत: हस्तक्षेप करने का कर्तव्य और अपराध की रिपोर्ट करने का कर्तव्य** (RCW 10.93.190).

कोई भी पहचाने जाने योग्य ऑन-ड्यूटी अधिकारी जो किसी अन्य अधिकारी को किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ अत्यधिक बल का उपयोग करते हुए या ऐसा करने की कोशिश करते हुए देखता है, अगर वह ऐसा करने की स्थिति में हो, तो उसे अत्यधिक बल के उपयोग, इसकी कोशिश या आगे अत्यधिक बल के उपयोग को समाप्त करने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। कोई भी पहचाने जाने योग्य ऑन-ड्यूटी अधिकारी जो किसी अन्य अधिकारी को गलत काम करने हुए देखता है या सद्भावपूर्ण उचित विश्वास रखता है कि किसी अन्य शांति अधिकारी ने गलत काम किया है, तो उसे गवाह अधिकारी के पर्यवेक्षक को इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए या अन्य पर्यवेक्षी अधिकारी को गवाह अधिकारी को नियुक्त करने वाली रोजगार एजेंसी की ऐसे कृत्यों की रिपोर्टिंग के लिए बनी नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अधिकारी द्वारा किए गए गलत काम की रिपोर्ट करनी चाहिए। (Washington State Criminal Justice Training Commission (CJTC, अपराधी न्याय प्रशिक्षण कमीशन) की हस्तक्षेप करने का कर्तव्य मॉडल नीति भी देखें।)

## प्राथमिक उपचार

**मुख्य सिद्धांत: प्राथमिक चिकित्सा देने या दिलाने में मदद करने का कर्तव्य**

**सभी कानून प्रवर्तन कर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा देनी चाहिए या दिलाने में मदद करनी चाहिए, ताकि कानून प्रवर्तन द्वारा नियंत्रित किसी जगह पर जल्द से जल्द मिलने वाले सुरक्षित अवसर पर घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दिया जा सके।** (RCW 36.28A.445)। (CJTC की प्राथमिक उपचार गाइडलाइन भी देखें।)

---

1 1 जुलाई, 2022 तक, विधायकों के एक अनुरोध के जवाब में Attorney General's Office इस विषय पर एक औपचारिक राय तैयार करने की प्रक्रिया में है। सवाल यह है कि RCW 10.120.020 (3) RCW 10.116.020 में इस तरह की रणनीति के विशिष्ट निषेध के बावजूद कानून प्रवर्तन अधिकारी को "उसके जीवन या किसी अन्य व्यक्ति के जीवन को आसन्न खतरे से बचाने के लिए" चोकहोल्ड या गर्दन जकड़ने का उपयोग करने के लिए प्रभावी रूप से अधिकृत करता है या नहीं। 2022 में बाद में अंतिम रूप देने के बाद, राय को यहाँ ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा: https://www.atg.wa.gov/ago-opinions/year/2022 ।

(1) घायल व्यक्तियों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की कानून प्रवर्तन हिरासत में निगरानी की जाएगी।

(2) प्रशिक्षण के अनुरूप, अधिकारी स्थितिगत दम घुटने और संपीड़न द्वारा दम घुटने के जोखिम को कम करने के लिए निम्नलिखित कार्रवाई करेंगे:

(a) जमीन पर लिटाए गए व्यक्ति को हथकड़ी लगाने या अन्यथा रोकने के बाद जैसे ही सुरक्षित और संभव हो, व्यक्ति को एक करवट से लिटा दें और उसे एक सीधी स्थिति में ले जाएं जो सामान्य ढंग से साँस लेने को बाधित नहीं करता है, सिवाय इसके कि वह बेहोश हो। यह आवश्यकता विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब व्यक्ति को दमघोंटू स्थिति में हथकड़ी लगाई जाती है।

(i) अपवाद: अगर व्यक्ति सचेत है और एक अलग स्थिति में रखे जाने की इच्छा व्यक्त करता है, तो अधिकारी उसे उस स्थिति में रखेंगे, जब तक कि ऐसा करने से व्यक्ति, अधिकारियों या अन्य लोगों को सुरक्षा का कोई खतरा न हो।

(b) बैठने, घुटने टेकने या खड़े होने सहित छाती, गर्दन या पीठ पर लंबे समय तक दबाव न डालें।

(c) हथकड़ी लगाते समय व्यक्ति की स्थिति की लगातार निगरानी करें, क्योंकि मृत्यु अचानक हो सकती है और सेकंड के भीतर व्यवहार्य पुनर्जीवन के बिंदु से परे जा सकती है। निगरानी में शामिल है, लेकिन इन्हीं सीमित नहीं है, व्यक्ति की साँस, रंग, और व्यक्ति द्वारा मौखिक रूप से किसी भी अक्षमता की पर्याप्तता का आकलन करना।

(d) टीम द्वारा हथकड़ी लगाने के दौरान जब भी संभव हो जब जनशक्ति सीमाएं अनुमति दें, तो रैंकिंग अधिकारी को एक “सुरक्षा अधिकारी” नामित करना चाहिए। सुरक्षा अधिकारी व्यक्ति के स्वास्थ्य और कल्याण की निगरानी तब तक करेगा जब तक:

(i) जिम्मेदारी एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर (जैसे Emergency Medical Technicians (EMT, आपातकालीन मेडिकल तकनीशियन) पैरामेडिक) को हस्तांतरित की जाती है; या

(ii) व्यक्ति को एक परिवहन वाहन में बैठने की स्थिति में रखा जाता है और सुरक्षा अधिकारी को मौखिक रूप से बताया जाता है कि वे ठीक महसूस कर रहे हैं। साथ ही, सुरक्षा अधिकारी को व्यक्ति स्वस्थ और सामान्य रूप से बोलता हुआ प्रतीत होता है।

(e) अगर सुरक्षा अधिकारी को व्यक्ति के सांस लेने में परेशानी, रंग या किसी अक्षमता के बारे में पता चलता है, तो उन्हें रैंकिंग अधिकारी को सूचित करना चाहिए।

(f) जकड़े गए व्यक्ति को दमघोंटू स्थिति में वाहन में न ले जाएँ।

(3) अधिकारियों को विशेष बल उपकरणों के लिए विशिष्ट प्राथमिक चिकित्सा देनी या दिलानी होगी।

(a) ओलेओरेज़िन कैप्सिकम (OC) स्प्रे: कानून प्रवर्तन द्वारा नियंत्रित घटनास्थल पर जल्द से जल्द सुरक्षित अवसर मिलने पर, एक अधिकारी व्यक्ति की आंखों को साफ पानी से धोकर और अगर संभव हो, तो ताजी हवा से हवादार करके OC के प्रभावों को दूर करने के लिए कार्रवाई करेगा।

(b) Electronic Control Weapon (ECW, इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण हथियार): कानून प्रवर्तन द्वारा नियंत्रित घटनास्थल पर जल्द से जल्द सुरक्षित अवसर मिलने पर, अधिकारी ECW कीलों को हटा देंगे, जब तक कि वे किसी संवेदनशील क्षेत्र में न हों, जैसे कि सिर, स्तन या गुप्तांग।

(i) संवेदनशील क्षेत्रों में घुसी कीलों को किसी EMT, पैरामेडिक या अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा हटाया जाना चाहिए।

(ii) ECW कीलों को जैवखतरे के रूप में माना जाना चाहिए।

# बल के प्रकार

**<u>मुख्य सिद्धांत: परिस्थितियों के तहत प्रतिरोध पर काबू पाने के लिए आवश्यक बल की कम से कम मात्रा का उपयोग करें</u>**। (Revised Code of Washington (RCW, वॉशिंगटन का संशोधित कानून) 10.120.020)।

**<u>मुख्य सिद्धांत: गंभीर शारीरिक चोट या मृत्यु के तत्काल खतरे से बचाव के लिए आवश्यक होने पर ही घातक बल का उपयोग करें।</u>** (Revised Code of Washington (RCW, वॉशिंगटन का संशोधित कानून) 10.120.020 [2022 c 80 §3 और 2022 c 4 §3])।

अधिक बल के उपयोग पर जाने से पहले अधिकारियों को एक प्रकार के बल का ही उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है।

(1) **निम्न स्तर का शारीरिक बल**: इस प्रकार के बल का इरादा चोट देने का नहीं है और इसमें चोट लगने की संभावना कम है, लेकिन इससे क्षणिक असुविधा या दर्द हो सकता है।परिस्थितियों के आधार पर, व्यक्ति की विशेषताओं और स्थितियों सहित, निम्न स्तर के बल विकल्पों में शामिल हो सकते हैं:

- (a) सीधे हटाने की तकनीक (जैसे, धक्का देना, एस्कॉर्ट करना, उठाना या उठा कर ले जाना);
- (b) नियंत्रण वाली पकड़ (जैसे, कलाई मोड़ना, उंगली मोड़ना, जोड़ों को इधर-उधर करके पकड़ना);
- (c) खुले हाथ की तकनीक;
- (d) टेकडाउन; या
- (e) हॉबल बंधन का उपयोग।

(2) **मध्यम स्तर का शारीरिक बल**: इस प्रकार का शारीरिक बल महत्वपूर्ण चोट या नुकसान का पूर्वाभासी जोखिम रखता है, लेकिन इससे मृत्यु की न तो संभावना है और न ही इसका इरादा है।

परिस्थितियों की समग्रता के आधार पर, मध्यम स्तर का शारीरिक बल तब उचित हो सकता है जब कोई व्यक्ति अधिकारी या अन्य लोगों पर आसन्न हमले की जोखिम पैदा करता है। मध्यम स्तर के बल विकल्पों में शामिल हैं:

- (a) ओलेओरेज़िन कैप्सिकम (OC) स्प्रे;
- (b) इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण हथियार;
- (c) प्रोजेक्टाइल इम्पैक्ट हथियार;
- (d) कुत्ते का काटना या कुत्ते और किसी व्यक्ति के बीच शारीरिक संपर्क के कारण चोट;
- (e) इम्पैक्ट हथियार से मारना (सिर, गर्दन, गले या रीढ़ पर इम्पैक्ट हथियार से मारने को छोड़कर); या
- (f) किसी अधिकारी के शरीर से घूंसे, लात या अन्य प्रहार।
  - (i) अधिकारी केवल आत्मरक्षा के साधन के रूप में, या दूसरों की रक्षा में किसी व्यक्ति के सिर पर निशाना साध कर प्रहार करने की तकनीकों का उपयोग करेंगे। किसी व्यक्ति के सिर पर मुट्ठी, कुहनियों, घुटनों और पैरों से वार करना, दर्द द्वारा अनुपालन के साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

(3) **घातक बल:** अधिकारी किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ घातक बल का उपयोग केवल तभी कर सकता है जब अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर शारीरिक चोट या मृत्यु के तत्काल खतरे से बचाने के लिए घातक बल आवश्यक हो। (RCW 10.120.020)। अधिकारियों को ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ घातक बल का उपयोग नहीं करना चाहिए जो केवल स्वयं के लिए खतरा प्रस्तुत करते हैं और किसी अन्य व्यक्ति या अधिकारी को मृत्यु या गंभीर शारीरिक चोट का तत्काल खतरा उत्पन्न नहीं करते हैं। घातक बल में शामिल है**:**

- (i) सिर, गर्दन, गले या रीढ़ पर इम्पैक्ट हथियार से मारना;
- (ii) किसी कठोर, स्थिर वस्तु पर किसी व्यक्ति का सिर मारना;
- (iii) किसी व्यक्ति पर घातक गोला बारूद से लोड बन्दूक चलाना; या
- (iv) किसी ऐसे व्यक्ति से जानबूझकर टक्कर मारना जो वाहन के अंदर नहीं है।

# बल के उपकरण चुनना

**<u>मुख्य सिद्धांत: जब भी संभव हो, घातक बल का उपयोग करने से पहले उपलब्ध और उपयुक्त कम घातक विकल्पों का उपयोग करें।</u>** (RCW 10.120.020)।

(1) एजेंसी को अधिकारियों के उपयोग के लिए यथोचित रूप से कम घातक विकल्प उपलब्ध कराने चाहिए। (RCW 10.120.020 [2022 c 4 §3])।

(2) अधिकारियों को सभी उपकरणों का उपयोग प्रशिक्षण और उपकरण निर्माता के निर्देशों के अनुसार करना चाहिए।

## ओलेओरेज़िन कैप्सिकम (OC) स्प्रे

(1) OC एक भड़काऊ एजेंट है जो आंखों, नाक, मुंह और त्वचा की तीव्र जलन का कारण बनता है, जिसके परिणामस्वरूप आंखें बंद हो सकती हैं, आँसू आ सकते हैं और सूजन हो सकती है, साथ ही घुटन, गैगिंग और सांस के लिए हांफने की परेशानी भी हो सकती है।

(2) OC स्प्रे के शुरुआती उपयोग के बाद के हर उपयोग उचित होने पर ही किया जाना चाहिए।

(3) OC स्प्रे एक बंद, अत्यधिक आबादी वाले स्थान में उपयुक्त नहीं है, जहां असंबद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करने की संभावना है, सिवाय उन जगहों के जहां OC स्प्रे ही एकमात्र उपलब्ध और उपयुक्त बल विकल्प है। OC छिड़कने वाले अधिकारी असंबद्ध व्यक्तियों के आकस्मिक संपर्क को रोकने या कम करने की कोशिश करेंगे।

## इम्पैक्ट हथियार

(1) एजेंसी द्वारा जारी और अधिकृत इम्पैक्ट हथियारों में आमतौर पर बैटन शामिल होते हैं।

(2) अधिकारियों को सिर, गर्दन, चेहरे, गले, रीढ़, कमर या गुप्तांग सहित संवेदनशील क्षेत्रों पर जानबूझकर हमला नहीं करना चाहिए, जब तक कि घातक बल को अधिकृत न किया जाए।

(3) अधिकारियों को तब किसी व्यक्ति को धमकाने के लिए इम्पैक्ट प्रभाव हथियार का उपयोग नहीं करना चाहिए, जब इम्पैक्ट हथियार चेतावनी मौजूद खतरे के लिए उचित नहीं है।

(4) अधिकारियों को सुरक्षित और व्यवहार्य होने के साथ ही इम्पैक्ट हथियार हमलों की प्रभावशीलता का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए और अगर प्रभावी नहीं है, तो किसी अन्य उपयुक्त लक्ष्य या किसी अन्य रणनीतिक या भौतिक बल विकल्प पर जाएं।

## Projectile Impact Weapons (विस्तृर रेंज इम्पैक्ट हथियारों के नाम से भी जाना जाता है)

(1) Projectile Impact Weapons (PIW, प्रोजेक्टाइल इम्पैक्ट हथियार) कम घातक प्रक्षेप्य दागते हैं और सुन्न करने, अस्थाई रूप से अक्षम करने या किसी व्यक्ति के शरीर में घुसे बिना उसे अस्थाई तौर पर असहज करने के लिए बनाए गए हैं।

(2) कानून प्रवर्तन कार्यों के दौरान PIW चलाने से पहले अधिकारियों को PIW का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

(3) सुरक्षित और व्यवहार्य होने पर, PIW को डिस्चार्ज करने वाले अधिकारी को डिस्चार्ज से पहले घटनास्थल पर मौजूद अन्य अधिकारियों को बताना चाहिए।

(4) अधिकारी को कूल्हों, जांघों, पिंडलियों और बड़े मांसपेशी समूहों को लक्षित करना चाहिए।

(5) PIW चलाने वाले अधिकारी हर शॉट के बाद PIW की प्रभावशीलता का आकलन करेंगे। अगर लगातार PIW राउंड दागने की आवश्यकता है, तो अधिकारियों को एक अलग लक्षित क्षेत्र पर लक्ष्य रखने पर विचार करना चाहिए।

(6) प्रतिबंधित उपयोग। PIW का उपयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि घातक बल का उपयोग उचित न हो:

    (a) जानबूझकर सिर, गर्दन, छाती और गुप्तांग को निशाना बनाना, जब तक कि घातक बल को अधिकृत न किया जाए।

    (b) उन सीमाओं पर जो PIW निर्माता के दिशानिर्देशों से असंगत हैं।

    (c) एक ऐसे व्यक्ति पर जो एक ऊँची सतह पर स्थित है (जैसे, एक कगार, मचान, एक चट्टान के पास, आदि) जब तक कि गिरने से संबंधित चोट को रोकने या कम करने के लिए उचित प्रयास नहीं किए गए हों (जैसे, सुरक्षा जाल तैनात करना)।

## Electronic Control Weapons (चालित ऊर्जा हथियारों के नाम से भी जाना जाता है)

(1) Electronic Control Weapon (ECW, इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण हथियार) एक पोर्टेबल डिवाइस है जो डार्ट्स/इलेक्ट्रोड को दागता है जो किसी व्यक्ति को अस्थायी रूप से सुन्न करने के उद्देश्य से बिजली या करंट संचारित करता है।

(2) ECW जारी करना और साथ रखना:

(a) एक अनुमोदित ECW का उपयोग केवल उन अधिकारियों द्वारा किया जा सकता है जिन्हें इसके उपयोग में प्रमाणित किया गया है और वार्षिक आधार पर पुन: प्रमाणित किया गया है।

(b) एक ECW जारी करने वाले अधिकारियों से उन्हें कम घातक विकल्प के रूप में ले जाने की उम्मीद है।

(c) प्रशिक्षण के अनुरूप होने पर, ECW ले जाने वाले अधिकारी हथियार पर एक कार्य जांच करेंगे और हर शिफ्ट से पहले शेष बैटरी जीवन की जांच करेंगे। अधिकारियों को किसी भी खराबी की सूचना पर्यवेक्षक या अन्य उपयुक्त कर्मियों को देनी चाहिए।

(3) उपयोग के मानक:

(a) अधिकारियों को शरीर की सपोर्ट वाली तरफ ECW ले जाना चाहिए और विषम परिस्थितियों को छोड़ कर सभी हालातों में, सपोर्ट (गैर-पिस्टल फायरिंग) वाले हाथ से डिवाइस को खींचना, दिखाना और उसका उपयोग करना चाहिए।

(b) जब तक अत्यावश्यक परिस्थितियां न हों, अधिकारियों को ECW और बन्दूक एक साथ नहीं रखनी चाहिए।

(c) अधिकारियों को उन क्षेत्रों को लक्षित करना चाहिए जिनमें सिर, गर्दन, छाती या जननांग शामिल नहीं हैं।

(d) अधिकारियों को जानबूझकर एक ही व्यक्ति पर कई ECW नहीं चलाने चाहिए, जब तक कि पहला तैनात हथियार स्पष्ट रूप से विफल न हो जाए।

(e) अधिकारियों को पता होना चाहिए कि ECW का प्राथमिक उपयोग दर्द देने वाले उपकरण के रूप में नहीं है। ड्राइव-स्टन मोड का उपयोग केवल तभी किया जाना चाहिए जब अक्षमता सर्किट को पूरा करने के लिए आवश्यक हो जहां केवल एक कील व्यक्ति से जुड़ी हो, जहां दोनों कीलें ज़्यादा पास लगी हों या जब कोई अन्य कम घातक विकल्प उपलब्ध और उपयुक्त न हो।

(f) अधिकारियों को पता होना चाहिए कि कई बार ECW चलाने से गंभीर शारीरिक चोट या मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

(g) पांच सेकंड या उससे कम के एक मानक डिस्चार्ज चक्र के लिए ECW का उपयोग किया जाएगा, जिसके बाद अधिकारी को स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। अधिकारी द्वारा व्यक्ति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक न्यूनतम चक्रों का ही उपयोग करना चाहिए।

(h) अधिकारी यह मानेंगे कि अगर उन्होंने किसी व्यक्ति के खिलाफ तीन बार ECW का उपयोग किया है और वह व्यक्ति लगातार आक्रामक हो रहा है, तो ECW उस व्यक्ति के खिलाफ प्रभावी नहीं हो सकता है और अधिकारी अन्य विकल्पों पर विचार करेगा।

(i) अधिकारियों को हर बार ECW के उपयोग के लिए औचित्य को स्पष्ट रूप से लिखने और दस्तावेज करने में सक्षम होना चाहिए।

(4) प्रतिबंधित उपयोग। ECW का उपयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में नहीं किया जाना चाहिए:

(a) घटनास्थल से भाग रहे व्यक्ति पर जहाँ अन्य कारकों का अभाव हो।

(b) किसी ऐसे व्यक्ति पर जिसे हथकड़ी लगाई गई हो या अन्यथा प्रतिबंधित किया गया हो, जब तक कि घातक बल को अधिकृत न किया गया हो।

(c) एक ऐसे व्यक्ति पर जो एक ऊँची सतह पर स्थित है (जैसे, एक कगार, मचान, एक चट्टान के पास, आदि) जब तक कि गिरने से संबंधित चोट को रोकने या कम करने के लिए उचित प्रयास नहीं किए गए हों (जैसे, सुरक्षा जाल तैनात करना)।

(d) ऑटोमोबाइल, ट्रक, मोटरसाइकिल, ऑल-टेरेन व्हीकल (ATV), साइकिल और स्कूटर सहित गतिशील वाहन के भौतिक नियंत्रण में एक ऑपरेटर पर, जब तक कि घातक बल अधिकृत न किया गया हो।

(e) किसी भी वातावरण में जहां एक अधिकारी जानता है या उसके पास यह मानने का कारण है कि एक संभावित ज्वलनशील, वाष्पशील या विस्फोटक सामग्री मौजूद है जो खुली चिंगारी से प्रज्वलित हो सकती है, जिसमें वाष्पशील प्रणोदक के साथ OC, गैसोलीन, प्राकृतिक गैस या प्रोपेन शामिल है, लेकिन इन तक सीमित नहीं है।

## दागे जाने वाले हथियार

(1) दागे जाने वाला हथियार एक हथियार है जिसमें घातक गोला-बारूद होता है, इन्हें ऐसे अधिकारी द्वारा रखा जाता है जो एजेंसी के दागे जाने वाले हथियारों विनिर्देशों को पूरा करता है या जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसी के नेतृत्व द्वारा विशेष दागे जाने वाले हथियार के रूप में अधिकृत किया गया है।

(2) अधिकारियों को केवल उन स्थितियों में किसी व्यक्ति पर हथियार चलाने की अनुमति है जहां घातक बल अधिकृत है। हर बार हथियार दागने को उचित ठहराया जाना चाहिए।

(3) हथियार से निशाना साधना और निकालना:

- (a) अधिकारियों को केवल उन स्थितियों में किसी व्यक्ति पर हथियार से निशाना साधना चाहिए जहां घातक बल अधिकृत है।
- (b) अधिकारियों को कम तैयार स्थिति में हथियार (अर्थात बिना कवर के, लेकिन अधिकारी की नज़रों के परे) केवल तब बाहर निकालना चाहिए, जब अधिकारी परिस्थितियों की समग्रता के आधार पर उचित अवलोकन करता है कि स्थिति उस बिंदु तक बढ़ सकती है जहां घातक बल को अधिकृत किया जाएगा।
- (c) जब यह निर्धारित किया जाता है कि घातक बल का उपयोग आवश्यक नहीं है, तो अधिकारियों को स्थिति सुरक्षित और व्यवहार्य होने के साथ ही अपने हथियार को नीचे, कवर में रखना या सुरक्षित करना चाहिए।
- (d) किसी व्यक्ति की ओर हथियार से निशाना करना बल का एक रिपोर्ट करने योग्य उपयोग है और इसके औचित्य और परिस्थितियों को राज्यव्यापी बल का उपयोग करने के डेटा संग्रह कार्यक्रम द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार दस्तावेजीकृत किया जाएगा। (RCW 10.118.030)।

(4) जब व्यवहार्य हो, तो अधिकारियों को मौखिक चेतावनी देनी चाहिए कि हथियार को चला दिया जाएगा।

(5) हथियारों का उपयोग करने के निर्णय से पहले, अधिकारियों को दागे जाने के क्षेत्र, पृष्ठभूमि, दर्शकों, गोली टकराकर लौटने की संभावना और अन्य लोगों के जीवन के जोखिमों पर विचार करना चाहिए।

(6) प्रतिबंधित उपयोग:

- (a) अधिकारियों को दागे जाने वाले हथियार को इम्पैक्ट हथियार के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए, सिवाय इसके कि जब घातक बल की अनुमति हो
- (b) चलते वाहन पर या उससे बन्दूक चलाना:
  - (i) जब तक ऑपरेटर या यात्री द्वारा घातक हथियार के उपयोग के परिणामस्वरूप होने वाले गंभीर शारीरिक नुकसान के आसन्न खतरे से बचाव के लिए आवश्यक न हो, तब तक अधिकारी चलते वाहन पर हथियार नहीं चला सकते। किसी वाहन को तब तक घातक हथियार नहीं माना जाता है, जब तक कि ऑपरेटर वाहन को घातक हथियार के रूप में उपयोग नहीं कर रहा हो और संभावित गंभीर नुकसान से बचने के लिए अधिकारी के पास कोई अन्य उचित साधन तुरंत उपलब्ध न हो। (RCW 10.116.060)।
  - (ii) जब व्यवहार्य हो, तो अधिकारी ऑपरेटर पर अपने हथियार चलाने के बजाय चलते वाहन के रास्ते से हटने की कोशिश करेंगे।
  - (iii) अधिकारियों को वाहन को निष्क्रिय करने की कोशिश में वाहन के किसी भी हिस्से पर गोली नहीं चलानी चाहिए।
  - (iv) जब तक कोई व्यक्ति तुरंत अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को घातक बल के साथ धमकी नहीं दे रहा है, तब तक अधिकारी चलते वाहन से हथियार नहीं चलाएँगे।

(7) वर्जित उपयोग। अधिकारी निम्नलिखित परिस्थितियों में दागे जाने वाले हथियार का उपयोग नहीं करेंगे:

- (a) जब यह प्रतीत होता है कि कोई निर्दोष व्यक्ति घायल हो सकता है।
- (b) "चेतावनी शॉट" दागना।
- (c) किसी ऐसे व्यक्ति पर हथियार दागना या निशाना साधना जो केवल खुद के लिए खतरा प्रस्तुत करता है और अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को तुरंत मौत या गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने की स्पष्ट क्षमता, अवसर और इरादा नहीं रखता है।
- (d) किसी ऐसे व्यक्ति पर हथियार दागना या निशाना साधना जो केवल संपत्ति के लिए खतरा प्रस्तुत करता है और अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को तुरंत मौत या गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने का स्पष्ट अवसर और इरादा नहीं रखता है।

# काबू में करने के उपकरण चुनें

चूँकि बाँधने वाले उपकरणों को किसी व्यक्ति के आंदोलन को मजबूर करने, नियंत्रित करने, बाधित करने या नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन उपकरणों का उपयोग भौतिक बल है और इस नीति में वर्णित भौतिक बल के उपयोग को नियंत्रित करने वाले सभी विचार उनके उपयोग पर लागू होते हैं।

## स्पिट गार्ड (थूक सुरक्षा)

(1) थूक गार्ड (कभी-कभी "थूक हुड," "थूक मुखौटा" या "थूक जुर्राब" के रूप में जाना जाता है) एक बुना हुआ जाल उपकरण है जिसे किसी व्यक्ति के सिर और चेहरे पर रखा जा सकता है, ताकि लार, म्यूकस और रक्त के माध्यम से संक्रामक रोग के संक्रमण को रोका जा सके या कम किया जा सके।

(2) उपयोग का मानक:

- (a) थूकने या काटने वाले व्यक्ति को कानूनी रूप से रोकने या रोकने की कोशिश करने पर अधिकारी थूक गार्ड लगा सकता है।
- (b) थूक गार्ड लगाने वाले अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्याप्त वेंटिलेशन के लिए निर्माता के निर्देशों के अनुसार थूक गार्ड ठीक से लगाया जाए, ताकि रोका गया व्यक्ति सामान्य रूप से सांस ले सके।
- (c) केवल वे अधिकारी ही इसका उपयोग करने के लिए अधिकृत हैं, जिन्होंने एजेंसी द्वारा अनुमोदित स्पिट गार्ड लगाने से जुड़ा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।
- (d) अधिकारियों को केवल एजेंसी द्वारा जारी किए गए स्पिट गार्ड का ही उपयोग करना चाहिए।

(3) प्रतिबंधित उपयोग:

- (a) जिन व्यक्तियों पर OC स्प्रे का छिड़काव किया गया है, उनकी सफाई करनी चाहिए, ताकि थूक गार्ड लगाने से पहले उन्हें सांस लेने में परेशानी न हो।
- (b) मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए, थूक गार्ड लगाने से संकट का स्तर बढ़ सकता है। अधिकारियों को मौखिक आश्वासन देना चाहिए और थूक गार्ड को जल्द-से-जल्द हटाने के लिए लगातार स्थिति का आकलन करना चाहिए।

(4) वर्जित उपयोग। उच्च जोखिम के कारण अधिकारी निम्नलिखित स्थितियों में थूक गार्ड नहीं लगाएंगे:

- (a) जहां रोके गए व्यक्ति के मुंह या नाक के आस-पास के क्षेत्र से काफी खून बह रहा हो।
- (b) ऐसे व्यक्ति पर जो सक्रिय रूप से उल्टी कर रहा हो। अगर कोई व्यक्ति थूक गार्ड पहनने के दौरान उल्टी करता है, तो थूक गार्ड को तुरंत हटाकर नष्ट कर देना चाहिए।
- (c) ऐसे व्यक्ति पर जो कहता है कि उनकी एक चिकित्सीय स्थिति है जो उनकी साँस को प्रभावित करती है या जिनमें थकी हुए और कष्टदायक तरीके से साँस लेने के लक्षण दिखाई देते हैं।

(5) मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में थूक गार्ड को तुरंत हटा देना चाहिए।

(6) थूक गार्ड लगाने से पहले, अधिकारी व्यक्ति को चेतावनी देनी चाहिए और उसे अधिकारी के आदेशों का पालन करने के लिए उचित समय देना चाहिए। अगर लगाया जाता है, तो जैसे ही थूकने या काटने का खतरा समाप्त हो जाता है या अधिकारी देखता है कि थूक गार्ड अब आवश्यक नहीं है, तो अधिकारी थूक गार्ड को हटा देना चाहिए।

(7) थूक गार्ड लगाने के बाद और ऐसा करने के लिए सुरक्षित होने पर, अधिकारियों को व्यक्ति को बैठे हुए या साइड रिकवरी स्थिति में ले जाना चाहिए और व्यक्ति की तब तक निगरानी करनी चाहिए, जब तक थूक गार्ड को हटा नहीं दिया जाता है। खराब या धुँधली नज़र की संभावना के कारण अधिकारियों को व्यक्ति को एस्कॉर्ट करने में मदद करनी चाहिए।

(8) थूक गार्ड लगाए जाने को दस्तावेज़ीकृत किया जाना चाहिए।

(9) हर उपयोग के बाद स्पिट गार्ड को नष्ट कर दिया जाना चाहिए।

## हॉबल बंधन

(1) हॉबल बंधन एक ऐसा पट्टा है जिसे हमलावर व्यक्ति को नियंत्रित करने के लिए उसके पैरों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
(2) अधिकारियों को केवल एजेंसी द्वारा जारी किए गए हॉबल बंधन का ही उपयोग करना चाहिए।
(3) वर्जित उपयोग: अधिकारियों को हथकड़ी या अन्य प्रकार के बंधनों (यानी, व्यक्ति को "हॉग टाई" करना) के साथ हॉबल बंधनों को नहीं जोड़ना चाहिए।
(4) एक बार हॉबल बंधन लगाने के बाद, अधिकारियों को व्यक्ति को पेट के बल नहीं लिटाना चाहिए।
(5) अधिकारी ऐसे व्यक्तियों की निगरानी करेंगे, जिन्हें हॉबल बंधन में रखा गया है और अगर आवश्यक हो, तो व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करेंगे।
(6) एक बार इसके उपयोग की आवश्यकता समाप्त हो जाने पर अधिकारी हॉबल बंधन का उपयोग बंद कर देंगे।

# प्रशिक्षण

(1) सभी अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को कम से कम साल में एक बार इस नीति के अनुरूप प्रशिक्षण लेना होगा। प्रशिक्षण में:
  (a) कक्षा और परिदृश्य आधारित शिक्षा का संयोजन होना चाहिए,
  (b) प्रासंगिक और व्यवहार्य होने पर, सामुदायिक भागीदारों को शामिल करना चाहिए,
  (c) असमान रूप से प्रभावित समुदायों को समझने के लिए सांस्कृतिक क्षमता और पुलिसिंग और आपराधिक न्याय प्रणाली के नस्लीय अनुभव पुलिस के साथ बातचीत को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, इसे शामिल करना चाहिए।
(2) इस नीति को रक्षात्मक रणनीति पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।